स्वास्थ्य शिविर में 26 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई

नेपानगर / राज न्यूज नेटवर्क

बाल दिवस के अवसर पर नेपा लिमिटेड अस्पताल में निःशुल्क बाल रोग शिविर का आयोजन किया गया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल की देखरेख में यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से आए परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 26 बच्चों की विस्तृत ओपीडी स्वास्थ्य जांच की गई।

शिविर में जिले के अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष सूर्यवंशी ने बच्चों का परीक्षण किया। उन्होंने पोषण, शारीरिक विकास, सामान्य बाल रोगों के लक्षण, नवजात देखभाल, टीकाकरण और आवश्यक स्वास्थ्य सावधानियों पर महत्वपूर्ण परामर्श दिया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि शिविर में मिर्गी, अस्थमा, कुपोषण, वजन वृद्धि व कमी, ऊंचाई विकास, किडनी विकार, नवजात देखभाल सहित सामान्य बाल रोगों पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया गया। अभिभावकों ने बाल दिवस पर आयोजित इस स्वास्थ्य पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। शिविर संचालन में हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफरानू, शानू, अनुराग मेहता और इमादउद्दीन क़ादरी का विशेष योगदान रहा। वहीं नेपा लिमिटेड अस्पताल की टीम से डॉ. आशीष दुबे, रेमु फ्रांसिस, कैलाश वर्मा, प्रमोद पाटिल, नारायण पार्वे, हैरिसन भंडारे, वेदांत वाघमारे और विनोद पाटिल ने विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व संभालते हुए पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराया।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 15-11-2025

नेपा लिमिटेड अस्पताल में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नेपानगर | बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नेपा मिल अस्पताल में निःशुल्क बाल रोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के मार्गदर्शन व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझड़ीवाल के चिकित्सकीय निर्देशन में सफलतापूर्वक हुआ। शिविर में नगर, आसपास के परिवारों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कुल 26 बच्चों की जांच की गई। कार्यक्रम शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष सूर्यवंशी ने बच्चों का परीक्षण कर पोषण, विकास, बाल रोगों के लक्षण और आवश्यक सावधानियों पर महत्वपूर्ण परामर्श दिया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया शिविर में मिर्गी, अस्थमा, कुपोषण, वजन वृद्धि, वजन कमी, ऊंचाई वृद्धि, किडनी विकार, नवजात देखभाल और सामान्य बाल रोगों पर विशेषज्ञ परामर्श दिया गया। अभिभावकों ने बाल दिवस पर आयोजित इस पहल की सराहना कर इसे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ रानू, शानू और अनुराग मेहता, इम्मादउद्दीन कादरी का शिविर संचालन में विशेष योगदान रहा। डॉ. आशीष दुबे, रेमु फ्रांसिस, कैलाश वर्मा, प्रमोद पाटिल, नारायण पार्वे, हैरिसन भंडारे, वेदांत वाघमारे और विनोद पाटिल ने व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला और पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

NEPANAGAR

Free child health camp held

Nepa Limited Hospital organised a free child health camp on Children's Day under the guidance of CMD Commodore Arvind Wadhera and medical supervision of Dr AK Jhanjdiwal. A total of 26 children underwent detailed check-ups. Paediatrician Dr Piyush Suryavanshi provided guidance on nutrition, growth and common paediatric conditions. Parents appreciated the initiative. Hospital staff and volunteers ensured smooth arrangements throughout the camp.

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नेपानगर. बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्र में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। कहीं स्वास्थ्य शिविर लगा तो कहीं शिविर लगाकर बच्चों को जागरूक किया गया। बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नेपा मिल अस्पताल में निःशुल्क बाल रोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल के चिकित्सकीय निर्देशन में हुआ। 26 बच्चों की ओपीडी जांच की गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नर्सिंग स्टाफ रानू, शानू और अनुराग मेहता, इमादउद्दीन कादरी का शिविर संचालन में विशेष योगदान रहा। नेपा लिमिटेड अस्पताल की टीम से डॉ. आशीष दुबे, रेमु फ्रांसिस, कैलाश वर्मा, प्रमोद पाटिल, नारायण पार्वे, हैरिसन भंडारे, वेदांत वाघमारे और विनोद पाटिल ने व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला और पूरे आयोजन को संपन्न कराया।

स्वास्थ्य शिविर में जांच के लिए पहुंचे बच्चे।